


भारत ने साउथ अफ्रीका को आखिरी टी20ई में 135 रन से हराकर चार मैच की सीरीज को 3-1 से जीत लिया है। सूर्यकुमार की कप्तानी में भारत ने लगातार तीसरी सीरीज जीती है।


# जनहितैषी

जनहितैषी अब janhitaishinews.com पर भी

हिन्दी दैनिक

R.N.I. No. 63177/95 वर्षः29 अंकः333 दिनांकः16-11-2024 शनिवार मूल्यः1 रूपया 50 पैसा पृष्ठः4 अहमदाबाद M




झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन 20 नवंबर को होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान में कई लोगों की आंखों का आकर्षण होंगी।

## एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण के कारण ग्रेप स्टेज 3 लागू

- स्कूलों और निर्माण परियोजनाओं पर प्रतिबंध

नई ?दिल्ली ( ईएमएस )। एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण से लड़ने के लिए ग्रेडेड एक्शन रिस्पांस प्लान ( ग्रेप )का स्टेज 3 का लागू होना एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ है। इस प्लान के तहत कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए हैं, जिनमें बीएस 3 पेट्रोल और बीएस 4 डीजल वाहनों पर प्रतिबंध और निर्माण कार्यों पर रोक शामिल हैं। इसके साथ ही, स्कूलों में छुट्टियों की घोषणा भी की गई है। ग्रेप स्टेज 3 के अंतर्गत एनसीआर में सभी निर्माण कार्यों को पूरी तरह से रोक दिया जाएगा, सिवाय कुछ जरूरी परियोजनाओं के। इससे न केवल निर्माण कंपनियों पर असर पड़ेगा, बल्कि सड़क निर्माण कार्यों पर भी यह नियम लागू होगा। आगे बढ़ते हुए, बीएस 3 पेट्रोल और बीएस 4 डीजल वाहनों की आवाजाही को भी प्रतिबंधित कर दिया गया है, जिससे लगभग 5.5 लाख वाहन प्रभावित होंगे। दिल्ली में प्रदूषण का स्तर गंभीर होने के कारण प्राइमरी से कक्षा 5 तक के स्कूलों को बंद कर दिया गया है और उन्हें ऑनलाइन मोड में संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं। नोएडा और गाजियाबाद में फिलहाल स्कूलों को बंद करने के निर्देश नहीं दिए गए हैं, लेकिन आउटडोर गतिविधियों को रोक लगा दिया गया है। मौसम विभाग के अनुसार, प्रस्तावित मौसमी परिवर्तनों के कारण प्रदूषण और भी बढ़ सकता है। इन परिवर्तनों में पहाड़ों पर हुई बर्फबारी के बाद मैदानों में तापमान का गिरना, हवाओं की गति में कमी आना और नमी का बढ़ना शामिल है।

इन मौसमी परिवर्तनों ने धुंध की चादर को और भी गहरा कर दिया है, जिससे प्रदूषण का स्तर और भी खतरनाक हो सकता है। एनसीआर में कई इलाकों में हवा की गुणवत्ता बेहद खराब हो चुकी है, और इसके स्वास्थ्य पर गंभीर असर हो सकते हैं। लोगों से अपील की गई है कि वे बाहर जाने से बचें और यदि आवश्यक हो तो मास्क का इस्तेमाल करें। नागरिकों से सरकार द्वारा जारी की गई दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की गई है।

## चैंपियंस ट्रॉफी पीओके नहीं जाएगी , आईसीसी की फटकार के बाद पीसीबी ने बदला ट्रॉफी टूर

लाहौर ( ईएमएस )। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ( पीसीबी ) ने कहा है कि चैंपियंस ट्रॉफी को अधिकृत कश्मीर ( पीओके ) में नहीं ले जाया जाएगा। इससे पहले पीसीबी ने कहा था कि इसे स्कार्दू, हुंजा और मुजफ्फराबाद में तीन शहरों को में भी ले जाया जाएगा पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ( आईसीसी ) की फटकार के बाद उसने अपना इरादा बदल दिया है। आईसीसी ने कहा था कि वह वह विवादित क्षेत्रों को टूर में शामिल नहीं करे। आईसीसी ने स्कार्दू, हुंजा और मुजफ्फराबाद में चैंपियंस ट्रॉफी को नहीं ले जाने कहा था। ये क्षेत्र पाकिस्तान के पीओके में आते हैं। आईसीसी ने चैंपियंस ट्रॉफी को दुबई से इस्लामाबाद भेज दिया है। अब पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड इस ट्रॉफी के टूर के लिए तैयार है।

पीसीबी ने सोशल मीडिया में पहले कहा था, आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 ट्रॉफी टूर 16 नवंबर को इस्लामाबाद में शुरू होगा। जिसमें स्कार्दू, हुंजा और मुजफ्फराबाद जैसे दर्शनीय पर्यटन स्थलों का भी दौरा किया जाएगा। 16-24 नवंबर तक ओवल में सरफराज अहमद द्वारा 2017 में उठाई गई ट्रॉफी की एक झलक देखने को मिलेगी। वहीं अब आईसीसी ने पीसीबी को पीओके के हिस्से वाले क्षेत्रों में ट्रॉफी टूर आयोजित करने से मना कर दिया है, क्योंकि बीसीसीआई ने इसपर आपत्ति जतायी थी। बीसीसीआई ने पहले ही पाक का दौरा करने से मना कर दिया है। उसने आईसीसी को भी यह बात बता दी है। वहीं पीसीबी ने आईसीसी को पत्र लिखकर भारत के पाकिस्तान न जाने के फैसले पर स्पष्टीकरण मांगा है।

## हाईकोर्ट का अहम फैसला, भंगी, नीच, भिखारी, मंगनी...ये जातिसूचक शब्द नहीं

-आरोपियों के खिलाफ एससी व एसटी अधिनियम के तहत लगे आरोपों को हटाया

जयपुर,( ईएमएस )। राजस्थान हाईकोर्ट ने एक अहम फैसला सुनाते हुए जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करने के मामले में चार आरोपियों के खिलाफ एससी व एसटी अधिनियम के तहत लगाए गए आरोपों को हटा दिया है। जोधपुर बेंच ने कहा कि भंगी, नीच, भिखारी, और मंगनी जैसे शब्द जातिसूचक नहीं हैं और इन शब्दों का इस्तेमाल करते हुए आरोपियों ने किसी की जाति को लक्षित नहीं किया था।

कोर्ट ने यह भी साफ कर दिया कि कोई भी सबूत नहीं था जो यह साबित करता हो कि आरोपियों को अपनी टिप्पणियों में उनके खिलाफ बयान देने वाले लोक सेवकों की जाति के बारे में जानकारी थी। यह मामला तब सामने आया जब अतिक्रमण हटाने गई टीम के खिलाफ कुछ युवकों ने आरोप लगाया कि उनकी जमीन का माप गलत किया गया है और इस पर गालियां दी गईं। इन गालियों में आरोपियों ने 'भंगी' और 'नीच' जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया था। हालांकि, आरोपियों ने कोर्ट में तर्क दिया कि उनका उद्देश्य इन शब्दों से उनको अपमानित करना नहीं था, बल्कि यह शब्द जमीन के गलत माप के खिलाफ नाराजगी के तौर पर इस्तेमाल किए गए थे।

जांच में पुलिस ने पाया कि आरोप सही नहीं थे और न ही कोई स्वतंत्र गवाह था जो आरोपों का समर्थन कर सके। इसके बाद हाईकोर्ट ने इस मामले में कहा कि आरोपियों का इरादा लोक सेवकों को अपमानित करना नहीं था, बल्कि उनकी प्रतिक्रिया गलत माप की प्रक्रिया के खिलाफ थी। कोर्ट ने यह भी उल्लेख किया कि एससी-एसटी एक्ट के तहत आरोपियों पर लगाए गए आरोपों को हटाने का आदेश दिया।

सुप्रीम कोर्ट के रमेश चंद्र वैश्य बनाम यूपी राज्य मामले का हवाला देते हुए कोर्ट ने कहा कि इस मामले में भी आरोपियों और आरोपित लोक सेवकों के अलावा कोई स्वतंत्र गवाह मौजूद नहीं था और पुलिस ने जांच के बाद आरोपों को सही नहीं पाया। कोर्ट ने कहा कि इसलिए एससी-एसटी अधिनियम की धारा के तहत अपराध नहीं बनता और आरोपियों को आरोप मुक्त कर दिया गया।

हाईकोर्ट का यह फैसला विशेष रूप से काफी अहम है क्योंकि यह इस बात को साफ करता है कि यदि किसी व्यक्ति का इरादा जातिसूचक टिप्पणी करने का नहीं था और यदि आरोपों का समर्थन करने के लिए कोई स्वतंत्र गवाह नहीं है, तो ऐसे मामलों में एससी-एसटी एक्ट के तहत आरोपियों को दोषी नहीं माना जा सकता है।

## झांसी के मेडिकल कॉलेज में लगी भीषण आग में 10 बच्चों की मौत, 30 से अधिक को बचाया; सेना को बुलाया

झांसी, झांसी के मेडिकल कॉलेज के शिशु वार्ड में शुक्रवार रात भीषण आग लग गई। हादसे में अब तक 10 बच्चों की मौत हो चुकी है। बचाव टीम रेस्क्यू में लगी हुई है। वार्ड में करीब 47 नवजात भर्ती थे।

शुक्रवार देर-रात महारानी लक्ष्मी बाई मेडिकल कॉलेज के नवजात शिशु गहन चिकित्सा कक्ष एसएनसीयू वार्ड में भीषण आग लगने से 10 नवजात शिशुओं की झुलसने एवं दम घुटने से मौत हो गई। जिस वार्ड में आग लगी थी, वहां 47 नवजात भर्ती थे।

खबर लिखे जाने तक वार्ड से 31 नवजात को बाहर निकाल लिया गया था। हादसे की सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। सेना को भी बुला लिया। सेना एवं दमकल की गाड़ियां आग बुझाने में जुटी हैं। दस नवजात की मौत से अस्पताल परिसर में कोहराम मचा हुआ है। नवजातों के माता-पिता भी अपने नवजातों को बचाने की गुहार लगा रहे हैं।

सीएम योगी ने घटना का संज्ञान लेते हुए उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक को झांसी के लिए रवाना कर दिया है। उनके साछ प्रमुख स्वास्थ्य सचिव भी झांसी आ रहे हैं। सीएम योगी ने घटना की जांच रिपोर्ट 12 घंटे में देने को कहा है। कमिश्नर और डीआईजी हादसे की जांच कर रहे हैं।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक रात करीब पौने ग्यारह बजे एसएनसीयू वार्ड से धुआं निकलता दिखा। वहां मौजूद लोगों ने शोर मचाया। जब तक कुछ समझ पाते, आग की लपटें उठने लगीं। कुछ ही देर में आग ने वार्ड को अपनी चपेट में ले लिया। वहां भगदड़ मच गई।

नवजातों को बाहर निकालने की कोशिश हुई लेकिन, धुआं एवं दरवाज पर आग की लपट होने से नवजात समय पर बाहर नहीं निकाले जा सके। कुछ देर बाद दमकल की गाड़ियों के पहुंचने पर नवजातों को बाहर निकाला जा सका। खबर लिखे जाने तक वार्ड से 10 नवजात शिशुओं के शव बाहर निकाले जा चुके। मौके पर रोते-बिलखते परिजनों का जमावड़ा हुआ है। खबर लिखे जाने तक बचाव कार्य चल रहा था।

मौके पर जिलाधिकारी समेत सभी प्रशासनिक अधिकारी पहुंच गए हैं। सेना का दमकल वाहन मौके पर पहुंच चुका है। मेडिकल कॉलेज की बिजली काट दी गई है। अब तक करीब 30 से अधिक बच्चों का रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है।

## ईडी ने विधायक अमानतुल्लाह की जमानत फैसले को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी

नई दिल्ली,( ईएमएस )। दिल्ली के विधायक अमानतुल्लाह खान की जमानत को प्रवर्तन निदेशालय ( ईडी ) ने दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी है। ईडी ने इस फैसले के खिलाफ अपील दायर करते हुए कहा कि निचली अदालत ने बिना पूरी जांच के ही अमानतुल्लाह को जमानत दे दी है, जो न्यायिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप कर सकता है।

अमानतुल्लाह पर आरोप है कि उन्होंने अवैध तरीके से संपत्ति अर्जित की है, और यह मामला दिल्ली वक्फ बोर्ड भर्ती घोटाले से जुड़ा हुआ है। ईडी का आरोप है कि खान ने भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमितताओं के माध्यम से करोड़ों रुपये की संपत्ति जुटाई है। एजेंसी का कहना है कि जमानत मिलने से मामले की निष्पक्ष जांच में बाधा उत्पन्न हो सकती है। इस मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई जल्द ही होगी, जो इस विवादित जमानत पर अंतिम निर्णय देगी।

## भारत विज्ञान में पिछड़ा क्योंकि 1000 साल तक हमलावरों का राज रहा - नारायणमूर्ति

नई दिल्ली ( ईएमएस )। आईटी कंपनी इन्फोसिस के संस्थापक नारायणमूर्ति का कहना है कि भारत यदि विज्ञान पिछड़ गया तो इसकी वजह यह रही कि 1000 साल तक हमलावरों का राज रहा। उन्होंने कहा कि 1000 साल की अवधि में भारत में माहौल ऐसा रहा कि युवाओं की उस दिशा में सोच ही विकसित नहीं हो सकी। उन्होंने कहा कि 1000 ईसवी से 1947 तक का काल ऐसा था, जिसमें साइंस को लेकर सोच विकसित नहीं हो सकी। इस दौरान साइंस को लेकर विचार नहीं पनपा और विश्लेषणात्मक सोच का अभाव रहा। यही कारण रहा कि इस अवधि में भारत में नवाचार, आविष्कार या शोध नहीं दिखते।

नारायणमूर्ति ने 2024 इन्फोसिस साइंस प्राइजेज सेरेमनी के दौरान दिए वर्चुअल भाषण में ये बातें कहीं। इजरायल के पूर्व नेता शिमोन पेरेज के भाषण का भी उन्होंने जिक्र किया। पेरेज ने कहा था, इज़राइल में हमने अपनी सबसे बड़ी धरोहर को पहचाना है और वह हमारा दिमाग। हमने रचनात्मकता, नवाचार और नए आविष्कारों के माध्यम से बंजर रेगिस्तानों को फलते-फूलते खेतों में बदल दिया और विज्ञान और प्रौद्योगिकी को नई ऊंचाइयां दीं और दुनिया का नेतृत्व किया। मूर्ति ने कहा किसी भी देश के विकास के लिए ऐसे विचार क्रांतिकारी हैं।

इसके आगे वह कहते हैं कि इतिहास बताता है कि एक दौर में भारत गणित, विज्ञान, अंतरिक्ष विज्ञान, इंजीनियरिंग, मेडिसिन और सर्जरी में अग्रणी था। वैदिक काल से तब तक ऐसी स्थिति थी, जब तक हमलावरों ने भारत पर आकर कब्जा नहीं किया। 700 से 1520 ई. तक उज्बेकिस्तान से अफगानिस्तान तक के हमलवारों ने अटैक किए और यहां सत्ता भी कायम की। इसके बाद अंग्रेज आ गए, जिन्होंने भारत को अपना उपनिवेश ही बना लिया था। उन्होंने कहा कि जो हमलावर आए थे, उनका साइंस, मैथ से कोई लेना-देना नहीं था। हालांकि उनकी तुलना में अंग्रेजों ने भारतीयों को महत्वाकांक्षी कामों के लिए कुछ हद तक प्रोत्साहित भी किया।

वह कहते हैं कि हमारी प्रोग्रेस धीमी रही है। इसका कारण था कि हमारी युवा पीढ़ी पर बीते दौर की छाप थी। जिज्ञासु दिमागों की कमी हो गई। विश्लेषणात्मक सोच एवं नवाचार का विचार पहले जैसा नहीं रहा। समस्या को समझना और उसका हल निकालना, यह विचार कम दिखा। वह कहते हैं कि स्वतंत्रता के बाद भारत में विज्ञान की दोबारा शुरुआत हुई और इतने कम अरसे में ही हमने दिखाया है कि साइंस के माध्यम से क्या-क्या बदला जा सकता है। इसे अभी और विस्तार देने की जरूरत है।

## डिजिटल डेटा सुरक्षा कानून को दिया अंतिम रुप

-विधानसभा चुनावों के परिणाम के बाद नियमों को मिल सकती है मंजूरी

नई दिल्ली,( ईएमएस )। डिजिटल पर्सनल डेटा सुरक्षा ( डीपीडीपी ) कानून के नियमों को अंतिम रूप दे दिया गया है। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचनाके अंत तक प्रकाशित किया जा सकता है, हालांकि उन्हें औपचारिक रूप से 2025 में अधिसूचित किया जा सकता है, क्योंकि इसके बाद परामर्श प्रक्रिया शुरू होगी। इस कानून का प्रौद्योगिकी मंत्रालय लंबे समय से तैयारी कर रहे डिजिटल पर्सनल डेटा सुरक्षा ( डीपीडीपी ) कानून के नियमों को अब अंतिम रूप दे दिया है।

सूत्रों के मुताबिक इन नियमों का मुख्य उद्देश्य डिजिटल पर्सनल डेटा के प्रसंस्करण को विनियमित करना है और यह संसद द्वारा अगस्त 2023 में पारित किया गया था, लेकिन इसके नियमों के तैयार होने में देरी होने से अभी तक लागू नहीं हो पाया है।

अधिकारियों का कहना है कि डीपीडीपी नियमों के मसौदे में 6 महीने से ज्यादा समय तक फेरबदल किया गया और अब ये पूरी तरह से तैयार हैं।

सूत्रों के मुताबिक विधान सभा चुनावों के परिणाम आने के बाद इन नियमों को मंजूरी मिलने की संभावना है। हालांकि अधिकारी ने साफ कर दिया कि इन नियमों में कोई बदलाव नहीं होंगे और यह पूरी तरह स्पष्ट होंगे। डीपीडीपी कानून का मुख्य उद्देश्य पर्सनल डेटा के बेजा उपयोग और उल्लंघन को रोकने के लिए एक प्रभावी और मजबूत डेटा सुरक्षा तंत्र तैयार करना है। इस कानून के तहत, पर्सनल डेटा केवल वैध उद्देश्यों के लिए ही संसाधित किया जा सकता है और इसके लिए संबंधित व्यक्ति से उसकी सहमति प्राप्त करना जरुरी होगा। इसके साथ ही डेटा संग्रह की सीमा भी तय की जाएगी, यानी केवल डेटा ही एकत्रित किया जाएगा।

## गलतबयानी या झूठे दावों की हेट स्पीच से तुलना नहीं की जा सकती

-सुप्रीम कोर्ट ने नेताओं द्वारा भड़काऊ बयान देने पर रोक लगाने की याचिका खारिज की

नई दिल्ली,( ईएमएस )। सुप्रीम कोर्ट ने नेताओं द्वारा भड़काऊ भाषण देने पर रोकने लगाने के लिए गाइडलाइंस जारी करने की गुहार वाली जनहित याचिका को खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि गलतबयानी या झूठे दावों को हेट स्पीच से तुलना नहीं की जा सकती, क्योंकि दोनों में फर्क है। कोर्ट ने याचिकाकर्ता से कहा कि वह यह समझें कि हेट स्पीच क्या होती है। कोर्ट ने यह भी कहा कि याचिका में हेट स्पीच को गलत तरीके से पेश किया गया है। अगर किसी को कोई शिकायत है तो वह इसे कानून के मुताबिक उठाए।

सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की पीठ ने जनहित याचिका पर सुनवाई से इनकार करते हुए कहा कि भड़काऊ भाषण और गलतबयानी के बीच अंतर है। पीठ ने याचिकाकर्ता हिंदू सेना समिति के वकील से यह भी कहा कि शीर्ष अदालत इस मामले में कोई नोटिस जारी करने को इच्छुक नहीं है। पीठ ने कहा कि वह इस याचिका पर विचार नहीं करना चाहती, जो कथित बयानों से संबंधित है। कोर्ट ने आगे कहा कि अगर याचिकाकर्ता को कोई शिकायत है, तो वह इसे संबंधित कानूनी प्रक्रिया के तहत उठाकर समाधान प्राप्त कर सकते हैं।

## फर्जी इनवॉइस से कर चोरी का बड़ा खुलासा, महाराष्ट्र-गुजरात में छापे

नई दिल्ली,( ईएमएस )। महाराष्ट्र और गुजरात में हाल ही में इनकम टैक्स की छापामार कार्रवाई की गई, जिसमें फर्जी बिलों के जरिए कर चोरी के बड़े मामले सामने आऐ हैं। इनकम टैक्स विभाग ने मुंबई, अहमदाबाद और अन्य जगहों पर करीब 23 ठिकानों पर छापेमारी की है। इस कार्रवाई से 14 नकली कंपनियों का पर्दाफाश हुआ है। ये कंपनियां बिना असल कारोबार के केवल कागजों पर लेन-देन कर रहीं थीं। रिपोर्ट के अनुसार, इन कंपनियों ने 100 करोड़ रुपये से अधिक का फर्जी लेन-देन किया, जिससे सरकार को कर की भारी हानि हुई है।

## भाजपा सांसद की दावत में बकरे की बोटी को लेकर हंगामा

-व्यवस्था थी 200 की और पहुंच गए हजार

मिर्जापुर,( ईएमएस )। उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर में भारतीय जनता पार्टी के सांसद विनोद बिंद के कार्यालय पर आयोजित मीट पार्टी में बकरे की बोटी की कमी को लेकर जमकर हंगामा हुआ। मारपीट भी हुई और लोग घायल भी हुए, जिसे लेकर अब राजनीतिक हल्कों में इसकी चर्चा आम हो गई है।

जानकारी अनुसार मझवां के पूर्व विधायक और भदोही के मौजूदा सांसद विनोद बिंद ने अपने कार्यालय पर एक पार्टी का आयोजन किया था। इस पार्टी में महज 200 लोगों के भोजन का इंतजाम किया गया था, लेकिन करीब एक हजार लोग वहां पहुंच गए। इसके चलते बकरे की बोटी की कमी हो गई। इस पर आयोजकों ने ग्रेवी ( मीट रस ) परोसनी शुरू कर दी, जो कुछ लोगों को पसंद नहीं आई और इस पर हंगामा मच गया।

बताया जाता है कि हंगामे की शुरुआत एक युवक ने की, जिसे बोटी की जगह ग्रेवी दी गई थी। इस पर जब उसने आपत्ति जताई, तो भोजन परोस रहे युवक ने उसे तमीज से बात करने को कहा। गुस्साए युवक ने उसे थप्पड़ मार दिया, जिसके बाद दोनों पक्षों के लोग आपस में भिड़ गए। मारपीट के दौरान मौके पर रखे बर्तन और बाल्टियों का भी इस्तेमाल किया गया, जिससे कई लोग घायल हो गए। कुछ लोगों के सिर फटने और हाथ पर गहरी चोट लगने की खबर है। इस दौरान, भोजन कर रहे लोगों में भगदड़ मच गई।

घटना को लेकर सांसद विनोद बिंद के प्रतिनिधि उमा बिंद ने कहा कि यह सब विपक्ष की साजिश का हिस्सा था। उन्होंने आरोप लगाया कि कई ऐसे लोग, जिन्हें न्यौता नहीं दिया गया था, शराब पीकर कार्यक्रम में पहुंचे और मारपीट शुरू कर दी। बहरहाल पार्टी में बोटी प्रकरण की चर्चा अब राजनीतिक गलियारे से सोशल मीडिया पर जमकर हो रही है।

## एचएनएलसी संगठन गैरकानूनी घोषित, केंद्र सरकार ने लगाया पांच साल का बैन

-संगठन अलगाव फैलाने व लोगों से जबरन करता है वसूली

नई दिल्ली,( ईएमएस )। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मेघालय में सक्रिय हाइनीवट्रेप नेशनल लिबरेशन काउंसिल ( एचएनएलसी ) संगठन को गैरकानूनी घोषित किया है। इस संगठन पर पांच सालों तक प्रतिबंध लगा दिया गया है। गृह मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के मुताबिक एचएनएलसी को देश के खिलाफ गतिविधियों में संलिप्त होने के चलते बैन किया है। यह कार्रवाई विधि विरूद्ध क्रियाकलाप ( निवारण ) अधिनियम के तहत की है।

गृह मंत्रालय के मुताबिक एचएनएलसी संगठन मेघालय राज्य के उन इलाकों में सक्रिय रहा है, जहां खासी और जयंतिया जनजाति के लोग रहते हैं। इस संगठन ने भारत से अलगाव की कोशिश की और अपनी गतिविधियों को फैलाने के लिए स्थानीय लोगों से जबरन वसूली की। इसके साथ ही यह संगठन पूर्वोत्तर के अन्य विद्रोही समूहों के साथ संबंध था।

मंत्रालय ने बताया कि 16 नवंबर 2019 से 30 जून 2024 के बीच, एचएनएलसी संगठन मेघालय में विस्फोटक सामग्री रखने, विस्फोटक घटनाओं और हिंसा में शामिल रहा है। संगठन के 73 सदस्य गिरफ्तार हुए और तीन ने आत्मसमर्पण किया था।

केंद्र सरकार का मानना है कि इस संगठन की गतिविधियों को रोकना जरूरी है, क्योंकि यह भारतीय एकता, अखंडता और संप्रभुता के लिए गंभीर खतरा बन गया है। अगर इस पर नियंत्रण नहीं रखा गया, तो यह संगठन फिर से संगठित होकर हथियारबंद होकर राष्ट्रविरोधी गतिविधियों को तेज कर सकता है, जिससे नागरिकों और सुरक्षाबलों की जान और संपत्ति का खतरा पैदा हो जाएगा। इसलिए, केंद्र सरकार ने इसे गैरकानूनी घोषित करते हुए इस पर प्रतिबंधित लगाने का फैसला लिया है।

## बिहार के बक्सर से धर्म परिवर्तन कराने का मामला, हिन्दू संगठन भड़के

बक्सर ( ईएमएस )। बिहार के बक्सर में ईसाई समुदाय के लोग ग्रामीण इलाकों में धर्म प्रचार के लिए अभियान चला रहे हैं। इस सिलसिले में गंगा नदी में लोगों को नहलाकर धर्म परिवर्तन कराने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया है। हिंदू संगठनों ने इस वीडियो पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है और हंगामा किया है। हालांकि, इस वीडियो की पुष्टि नहीं हुई है।

हिंदू धर्म के लोगों से धर्म परिवर्तन कराने की खबर से हड़कंप मच गया है। यह मामला बक्सर जिले के सिमरी प्रखंड के एक दूरदराज के ग्रामीण इलाके का है, जहां मेथोडिस्ट चर्च ऑफ इंडिया के लोग बड़े पैमाने पर धर्म परिवर्तन करा रहे हैं। आरोप है कि ये लोग ग्रामीणों को गंगा नदी में नहलाकर महिलाओं के सिंदूर धो रहे हैं। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें देखा जा सकता है कि लोग गंगा में डुबकी लगा रहे हैं और एक व्यक्ति उन्हें प्रभु यीशु का माला पहना रहा है। हिंदू संगठनों ने मौके पर पहुंचकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

वीडियो में साफ तौर पर दिखाई दे रहा है कि लोगों को गंगा नदी में नहलाकर उनका धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। इस घटना की जानकारी मिलते ही हिन्दू संगठनों ने विरोध शुरू कर दिया और पुलिस को सूचित किया। साथ ही, इस मामले में थाने में लिखित शिकायत भी दर्ज कराई गई है। हिन्दू संगठनों के अनुसार, सिमरी प्रखंड के नागपुर गंगा घाट पर 60-70 लोगों को एक साथ नहलाया गया और महिलाओं के सिंदूर को उनके माथे से धोकर उन्हें प्रभु यीशु का लॉकेट पहनाया गया। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई और देखते ही देखते वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई। मामला प्रशासन तक पहुंचने के बाद जांच शुरू कर दी गई है।

## ...भले ही शारीरिक संबंध नाबालिग पत्नी की सहमति से बनाया, वह बलात्कार है, सजा बरकरार

बॉम्बे हाई कोर्ट का बड़ा फैसला,

मुंबई, ( ईएमएस )। बॉम्बे हाई कोर्ट ने माना है कि नाबालिग पत्नी के साथ सहमति से बनाया गया यौन संबंध बलात्कार है और इस तरह के कृत्य को कानूनी संरक्षण अधिनियम के तहत स्वीकार नहीं किया जा सकता है। हाई कोर्ट की नागपुर बेंच ने पति को सुनाई गई 10 साल की सजा को बरकरार रखा है। दरअसल पत्नी द्वारा अपने पति के खिलाफ बलात्कार की शिकायत दर्ज कराने के बाद उसे 10 साल जेल की सजा सुनाई गई। इस बात पर प्रकाश डालते हुए कि यौन संबंध के लिए सहमति की उम्र 18 वर्ष से अधिक है, न्यायमूर्ति जी.ए.सानप की बेंच ने कहा, 18 साल से कम उम्र की लड़की के साथ सेक्स करना रेप है। फिर यह महत्वपूर्ण नहीं है कि वह शादीशुदा है या नहीं। हाई कोर्ट ने कहा, जब पत्नी या बेटी की उम्र 18 साल से कम हो तो सहमति से बनाए गए संबंध का बचाव नहीं किया जा सकता। निचली अदालत ने आरोपी को 10 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई थी, जिसे नागपुर पीठ ने बरकरार रखा था। जानकारी के मुताबिक, आरोपी ने शिकायतकर्ता के साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए, जिससे वह गर्भवती हो गई। बाद में उसने उससे शादी कर ली। हालांकि, उनके वैवाहिक रिश्ते में खटास आ गई और महिला ने उसके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। उच्च न्यायालय ने कहा, तर्क के तौर पर अगर मान भी लिया जाए कि उन्होंने तथाकथित विवाह किया था, तो पीड़िता के आरोप के अनुसार, यौन संबंध उसकी सहमति के खिलाफ था और इसलिए इसे बलात्कार माना जाएगा। जब पीड़िता महाराष्ट्र के वर्धा में रह रही थी तो आरोपी उसका पड़ोसी था। युवती वहां अपने पिता, बहन और दादी के साथ रहती थी। आरोपी और पीड़िता 3 से 4 साल से रिलेशनशिप में थे। लेकिन युवती इस दौरान शारीरिक संबंध बनाने की मांग को ठुकरा रही थी। इस बीच परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण पीड़िता पड़ोस के शहर में काम करने चली गई। आरोपी ने वहां भी उसका पीछा किया। इस दरम्यान वह उसे काम पर छोड़ने की पेशकश करता था। इस दौरान उसने उस पर शारीरिक संबंध बनाने के लिए दबाव डाला, जिससे वह गर्भवती हो गई। शुरुआत में आरोपी ने पीड़िता से शादी करने का वादा किया। आरोपों के मुताबिक, शादी समारोह कुछ पड़ोसियों की मौजूदगी में किराए के कमरे में आयोजित किया गया था। लेकिन बाद में उसका व्यवहार बदल गया और प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। इनमें शारीरिक हमले और गर्भपात कराने का दबाव शामिल था। बाद में उन्होंने पितृत्व से इनकार कर दिया और पीड़िता पर किसी अन्य पुरुष के साथ बच्चा पैदा करने का आरोप लगाया। प्रताड़ना असहनीय होने पर पीड़िता ने मई 2019 में पुलिस थाना में शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। अपने बचाव में, आरोपी ने दावा किया कि सेक्स सहमति से हुआ था और वह उसकी पत्नी थी। हालांकि, न्यायमूर्ति सानप ने कहा, मेरे विचार में, दोषसिद्धि के लिए डीएनए रिपोर्ट निर्णायक सबूत है। अभियोजन पक्ष ने साबित किया है कि जब अपराध किया गया था तब पीड़िता की उम्र 18 वर्ष से कम थी। पीठ ने कहा कि डीएनए रिपोर्ट से साबित हुआ कि आरोपी और पीड़िता ही बच्चे के माता-पिता हैं।

## बाबा ने बताया पतंजलि आयुर्वेद का असली मालिक कौन..............ना मैं ना ही आचार्य बालकृष्ण

देहरादून ( ईएमएस )। योग गुरु बाबा रामदेव ने पतंजलि आयुर्वेद के स्वामित्व को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने साफ किया कि पतंजलि के स्वामित्व का कोई निजी मालिक नहीं है, न ही वह स्वयं, न ही आचार्य बालकृष्ण, बल्कि यह पूरा साम्राज्य देश की जनता का है और इसका वास्तविक लाभार्थी भी इस देश की जनता हैं।

रामदेव ने कहा कि पतंजलि का जो साम्राज्य अब लाखों करोड़ रुपए का हो चुका है, उसके स्वामित्व को लेकर कुछ लोगों की गिददी की नजरें हैं। उन्होंने बताया कि पतंजलि के विभिन्न संस्थानों जैसे निरामयम, योग ग्राम, पतंजलि योगपीठ, पतंजलि गुरुकुल, पतंजलि वेलनेस, और विश्वविद्यालय सहित सैकड़ों सेवा संस्थान बनाए हैं। इन संस्थानों और अभियानों के माध्यम से उन्होंने योग को ऊंचाई पर पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि पतंजलि की संपत्ति का मूल्यांकन अब एक लाख करोड़ रुपए से भी अधिक है।

बाबा ने बताया कि देशभर में पतंजलि के एक लाख से अधिक योग शिक्षक भाई-बहन योग का प्रचार कर रहे हैं। इसके अलावा, 25 लाख से ज्यादा वरिष्ठ योग शिक्षक सेवा दे रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि पतंजलि की यह सफलता और इसके साम्राज्य का विस्तार कोई आसान काम नहीं था, बल्कि इसमें बहुत मेहनत और पुरुषार्थ लगा है।

पतंजलि का असली मालिक देश की जनता

रामदेव ने कहा कि पतंजलि के साम्राज्य का वास्तविक मालिक कोई व्यक्ति नहीं है, बल्कि यह पूरी तरह से देश की जनता का है। उन्होंने कहा, स्वामी रामदेव इसका मालिक नहीं है, आचार्य बालकृष्ण इसका मालिक नहीं है, इसका मालिक है पूरा देश और देश के लोग। बाबा रामदेव ने यह स्पष्ट किया कि पतंजलि की स्थापना का मुख्य उद्देश्य समाज की सेवा और भलाई है, और इस यात्रा को भविष्य में भी इसी दिशा में बढ़ते रहना चाहिए।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले इंडिया ब्लॉक के पार्टनर्स के बीच गजब खेल

आप और कांग्रेस में नेता-छीनो होड़!

नई दिल्ली( ईएमएस )। दिल्ली विधानसभा चुनाव महज दो महीने बाद हैं, लेकिन इससे पहले दो सहयोगियों के बीच एक अनूठी लड़ाई चल रही है। इंडिया ब्लॉक के दो घटक दलों- आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच एक दूसरे के नेताओं को अपनी पार्टी में शामिल करवाने की अनूठी प्रतियोगिता चल रही है। दोनों पार्टियां यूं तो बीजेपी के खिलाफ लडऩे का दम भर रही हैं, लेकिन इस बीच कोशिश भरसक यही चल रही है कि कैसे एक दूसरे को कमज़ोर किया जाए। मजबूत नेताओं को पार्टी में शामिल करवाना यूं तो राजनीतिक रणनीति का हिस्सा माना जाता है, लेकिन जो कुछ दिल्ली में चल रहा है उससे सवाल ये पैदा हो गया है कि क्या ये पार्टियां वाकई एक-दूसरे को कमज़ोर कर बीजेपी से लड़ाई की तैयारी कर रही हैं?

शुक्रवार को आम आदमी पार्टी दफ्तर में अरविंद केजरीवाल ने कांग्रेस के पूर्व विधायक वीर सिंह धींगान को अपनी पार्टी में शामिल करवाया। दरअसल, वीर सिंह धींगान सीमापुरी से विधायक रह चुके हैं। सीमापुरी सुरक्षित सीट है और इसलिए आप ने दावा किया कि एक बड़े दलित नेता के कांग्रेस से आम आदमी पार्टी में आने पर पार्टी को फायदा होगा। गौरतलब है कि ये वही सीमापुरी है, जहां से अरविंद केजरीवाल ने झुग्गी बस्तियों में अपने एनजीओ के दिनों में संघर्ष की शुरुआत की। तब के समय शीला दीक्षित मुख्यमंत्री हुआ करती थीं और केजरीवाल ने राशन में करप्शन की बात वहीं से उठाई। लेकिन इधर आम आदमी पार्टी कांग्रेस के नेता को तोड़ रही थी तो वहीं कुछ घंटों बाद कांग्रेस ने भी आम आदमी पार्टी के एक पूर्व विधायक को अपने पाले में लाकर हिसाब बराबर कर लिया। हाजी इशराक आम आदमी पार्टी के टिकट पर 2015 में उत्तर पूर्वी दिल्ली के ही सीलमपुर से चुनाव जीते थे। ऐसे में दलित नेता का हिसाब एक अल्पसंख्यक नेता को अपने पाले में लाकर कांग्रेस ने उसी दिन पूरा किया।

खेल की पृष्ठभूमि पहले ही लिखी जा चुकी थी

सीमापुरी और सीलमपुर का खेल पहले ही दोनों पार्टियों की तरफ से शुरू हो चुका था। आम आदमी पार्टी के पूर्व मंत्री और सीमापुरी से मौजूदा विधायक राजेंद्रपाल गौतम ने पिछले दिनों केजरीवाल का साथ छोड़ कांग्रेस का दामन थामा था। अब ये तो तय था कि सीमापुरी से चुनाव में कांग्रेस गौतम पर ही दांव खेलती तो वीर सिंह धींगान के पास बहुत ऑप्शन बचे ही नहीं थे। कुछ यही हाल हाजी इशराक का भी था। सीलमपुर से कांग्रेस के पांच बार के विधायक मतीन अहमद जो पिछली दो बार से चुनाव हार रहे हैं ने झाड़ू थाम ली। उनके साथ उनकी पार्षद बहू और बेटे ने भी कांग्रेस को अलविदा कह दिया। हाजी इशराक जिन्होंने 2015 में मतीन अहमद को हराया था को लगा कि यही मौका है कि वो कांग्रेस के पाले में चले जाएं और अपनी टिकट पक्की कर लें।

# आज आदिजाति विकास में गुजरात अग्रसर है, जिसका श्रेय पीएम मोदी को जाता है:मुख्यमंत्री

गांधीनगर ( ईएमएस ) मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के करकमलों से कुल 102.87 करोड़ रुपए के लगभग 37 विकास कार्यों के लोकार्पण एवं शिलान्यास तथा लगभग 548 लाभार्थियों को अनुमानित 234 करोड़ रुपए के योजनागत लाभों के वितरण के साथ शुक्रवार को डांग जिला मुख्यालय आहवा में राज्य स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया। आदिजाति बहुल डांग के आंगन में आयोजित इस समारोह में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व तथा मार्गदर्शन में इस वर्ष भगवान बिरसा मुंडा की डेढ़ सौवीं जयंती देशभर में मनाई जा रही होने की भूमिका दी। भूपेंद्र पटेल ने महान धर्म योद्धा, समाज सेवक तथा स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा को उनकी जयंती पर हृदयपूर्वक वंदन करते हुए उपस्थित सभी लोगों को शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के अग्रिम आदिवासी योद्धा बिरसा मुंडा के बचपन तथा उनकी महान गाथा का वर्णन कर भगवान बिरसा मुंडा की महात्मा बनने तक की उनकी यात्रा की गौरवपूर्ण झाँकी प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता प्राप्ति में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले आदिवासी समुदाय स्वतंत्रता के बाद दशकों तक विकास से वंचित रहे थे।

आज आदिजाति विकास में गुजरात अग्रसर है, जिसका श्रेय भूपेंद्र पटेल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दिया। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने पीएम मोदी द्वारा गुजरात की शासन धुरा संभाले जाने के बाद आदिजाति क्षेत्र एवं समुदाय के सर्वांगीण विकास के लिए किए गए कार्यों के फलस्वरूप आदिवासियों में आए सामाजिक, शैक्षणिक व आर्थिक परिवर्तन का विस्तार से विवरण दिया। उन्होंने कहा कि हम पीएम मोदी के नेतृत्व में गुजरात के आदिजाति परिवारों को विकास के पथ पर ले जाने तथा उनके गौरव-सम्मान के लिए अग्रसर रहे हैं। पटेल ने जोड़ा कि पीएम मोदी ने देश और दुनिया को बताया है कि नीति नेक हो, नीयित साफ हो एवं विकास की मुख्य धारा में सबको साथ लेकर चलने की प्रतिबद्धता हो, तो वनबंधुओं का कैसा विकास होता है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि वर्ष 2007 में तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वनबंधु कल्याण योजना की शुरुआत करवा कर आदिजाति समुदाय के सर्वांगीण विकास पर ध्यान केन्द्रित किया था। उन्होंने कहा कि दस सूत्र आधारित इस योजना अंतर्गत रोड कनेक्टिविटी, स्थानीय स्तर पर शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी की व्यवस्था की गई है।

मुख्यमंत्री ने गौरवपूर्वक कहा कि वनबंधु कल्याण योजना से बेटियों की शिक्षा का स्तर सुधरा है तथा आदिजाति समुदाय में साक्षरता की दर बढ़ी है। उन्होंने कहा कि अब आदिजाति क्षेत्र में इंजीनियरिंग एवं मेडिकल कॉलेज सहित उच्च शिक्षा की सुविधाएँ मिल रही हैं। वलसाड, दाहोद, बनासकाँठा, गोधरा ( पंचमहाल ) सहित आठ मेडिकल कॉलेज आदिजाति क्षेत्रों में हैं। उन्होंने कहा कि मोदी के विजनरी नेतृत्व में वनबंधु कल्याण योजना को मिली सफलता के चलते गुजरात सरकार ने वनबंधु कल्याण योजना 2.0 लागू की है, जिसके तहत बजट में कुल 22 हजार करोड़ रुपए से अधिक राशि का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि आदिजाति क्षेत्र के विकास कार्य धनाभाव में कभी अवरूद्ध नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि आदिजाति के सर्वग्राही विकास के कार्यों से वनबंधु को विश्वबंधु बनाने का पीएम मोदी का लक्ष्य है। भूपेन्द्र पटेल ने कहा कि पीएम मोदी विकास की राजनीति का नया युग शुरू किया है और आहवा से आसाम ( असम ) तथा झालोद से झारखंड तक आदिजाति समुदाय सहित सभी जाति-समुदाय के लोगों को विकास की मुख्य धारा में आने का अवसर मिला है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातीय सशक्तिकरण के माध्यम से विकसित भारत का संकल्प साकार होगा। उन्होंने सभी का आह्वान किया कि वे विकसित गुजरात से विकसित भारत बनाने के लिए कटिबद्ध हों। भूपेंद्र पटेल ने जोड़ा कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत देश के 63 हजार से अधिक आदिवासी गाँवों के पाँच करोड़ से अधिक वनबंधुओं को लाभान्वित करने का लक्ष्य है। पहली बार ऐसी कल्याणकारी योजना अंतर्गत शत प्रतिशत जनजातीय समुदाय को लाने का लक्ष्य इस अभियान में रखा गया है।

उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने पीएम जन मन योजना में आदिम समूह के परिवारों को विकास की मुख्य धारा में लाने का लक्ष्य रखा है। गुजरात में आदिम समूह के 30 हजार परिवारों के लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, सड़क-मार्ग तथा बिजली की सुविधा दी गई है।

आहवा के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम से पहले मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल सहित महानुभावों ने आदिजाति समाज के आस्था केंद्र शबरी धाम में शबरी तथा प्रभु श्री राम एवं भ्राता श्री लक्ष्मण के भावपूर्वक दर्शन किए तथा पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर विभिन्न आदिजाति कल्याण योजनाओं के लाभार्थियों को विभिन्न योजनागत लाभों का वितरण भी किया गया। प्रधानमंत्री की प्रेरक उपस्थिति में बिहार स्थित जमुई में आयोजित राष्ट्री स्तर के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी आहवा में सभी ने दृश्य-श्राव्य माध्यम से देखा। मुख्यमंत्री व महानुभावों ने वलसाड-डांग के सांसद धवलभाई पटेल द्वारा लिखित मोदी विद ट्राइबल्स पुस्तक का अनावरण किया। जिला प्रशासन द्वारा तैयार किए गए विकास रथ को भी महानुभावों ने प्रस्थान कराया। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा आयोजित योजना संबंधी प्रदर्शनी व निदर्शन स्टॉल्स के निरीक्षण के उपलब्ध अवसर का लाभ लोगों ने उठाया। योजनाओं के लाभार्थियों ने मंच से अपनी साफल्य गाथा प्रस्तुत की।

## गुजरात के समुद्री इलाके से एक बार फिर करोड़ों का ड्रग्स बरामद 8 ईरानी नागरिक गिरफ्तार

अहमदाबाद ( ईएमएस ) गुजरात के समुद्री इलाके में नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ( एनसीबी ), भारतीय नौसेना और गुजरात एन्टी टेररिस्ट स्क्वाड ( एटीएस ) के संयुक्त अभियान में फिर एक बार ड्रग्स की बड़ी खेप पकड़ी गई है। सुरक्षा एजेंसियों ने भारतीय समुद्री सीमा में लगभग 700 किलोग्राम मेथ ड्रग्स की एक खेप पकड़ी। इस कार्रवाई के दौरान 8 विदेशी नागरिकों को भी गिरफ्तार किया गया है, जो खुद को ईरानी बता रहे हैं। बरामद ड्रग्स की कीमत करीब 2000 करोड़ रुपये है। दरअसल पिछले कई दिनों से नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो सागर मंथन के नाम से एक ऑपरेशन चला रहा है। यह ऑपरेशन खासतौर पर भारत में ड्रग तस्करी के खिलाफ चलाया जा रहा है। इससे पहले भी नारकोटिक्स टीम ऑपरेशन सागर मंथन में कई किलो ड्रग्स बरामद कर चुकी है। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के मुताबिक इस ऑपरेशन का मकसद समुद्र के रास्ते नशीली दवाओं की तस्करी पर अंकुश लगाना है। इस बीच एनसीबी के मुताबिक पुख्ता जानकारी मिली थी कि एक अपंजीकृत जहाज है, जिसमें एआईएस ( ऑटोमैटिक आइडेंटिफिकेशन सिस्टम ) भी नहीं है, वह भारतीय जलक्षेत्र में नशीले पदार्थ लेकर रहा है। इस इनपुट के आधार पर सागर-मंथन-4 नाम से एक ऑपरेशन लॉन्च किया गया। जहाज को भारतीय नौसेना ने अपने समुद्री खोज अभियान के माध्यम से घेर लिया था। यह ऑपरेशन 15 नवंबर 2024 को किया गया। इस मामले में विदेशी नारकोटिक्स एजेंसियों की भी मदद ली जा रही है ताकि इस ड्रग सिंडिकेट के आगे-पीछे के लिंक का पता लगाया जा सके। ऑपरेशन सागर-मंथन इस साल की शुरुआत में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा शुरू किया गया था। इसके तहत भारतीय नौसेना, भारतीय तटरक्षक बल और गुजरात पुलिस के एटीएस के सहयोग से कई समुद्री तलाशी अभियान चलाए गए हैं। इस ऑपरेशन में अब तक लगभग 3400 किलोग्राम नशीले पदार्थ जब्त किए गए हैं और 11 ईरानी और 14 पाकिस्तानी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है।

## गुजरात में धीरे धीरे बढ़ रही है ठंड, राज्य के 9 शहरों का तापमान 20 डिग्री से नीचे पहुंचा

अहमदाबाद ( ईएमएस ) गुजरात में अब धीरे-धीरे ठंड बढ़ती जा रही है। गुरुवार को दीव समेत राज्य के नौ शहरों में न्यूनतम तापमान 20 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया। ठंड का सबसे ज्यादा असर सौराष्ट्र में देखने को मिल रहा है। जूनागढ़ के केशोद में सबसे कम तापमान 17.5 डिग्री दर्ज किया गया। जबकि अमरेली में न्यूनतम तापमान 17.8 डिग्री तक पहुंच गया। वहीं वडोदरा में न्यूनतम तापमान 18 डिग्री और महुवा में 18.1 डिग्री दर्ज किया गया। दीव में न्यूनतम तापमान 18.2 डिग्री और नलिया में 18.4 डिग्री दर्ज किया गया। राजकोट में 19.1 डिग्री, पोरबंदर में 19.3 डिग्री, डीसा में 19.6 डिग्री दर्ज किया गया। जबकि गुजरात की राजधानी गांधीनगर में न्यूनतम तापमान 19.8 डिग्री तक पहुंच गया। वहीं अहमदाबाद में न्यूनतम तापमान 20.8 दर्ज किया गया। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक आज से अहमदाबाद में ठंड का प्रकोप बढ़ सकता है और अगले पांच दिनों तक अहमदाबाद में न्यूनतम तापमान 16 से 18 तक पहुंचने की संभावना है।

## मुख्यमंत्री ने गुरु नानक जयंती पर अहमदाबाद में गुरुद्वारा गोविंद धाम में दर्शन-कीर्तन किया

अहमदाबाद ( ईएमएस ) मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल शुक्रवार को गुरु नानक देव की 555वीं जयंती के अवसर पर अहमदाबाद में थलतेज स्थित गुरुद्वारा गोविंद धाम पहुँचे। भूपेन्द्र पटेल ने गुरुद्वारे में गुरु ग्रंथ साहब के भक्तिभावपूर्वक दर्शन किए। मुख्यमंत्री इस अवसर पर कीर्तिन में भी सहभागी हुए। गुरु नानक जयंती पर गुरुद्वारे में अहमदाबाद के सिख परिवार श्रद्धापूर्वक उमड़े।

## बोपल में प्रियांशु हत्याकांड के बाद एक और हत्या, गोधावी-मणिपुर रोड पर NRI की सिर पर पत्थर मारकर निर्मम हत्या

अहमदाबाद,15 नवंबर

कुछ दिन पहले बोपल, अहमदाबाद में हुई एमआईसीए छात्र प्रियांशु जैन की हत्या की जांच अभी भी जारी है. फिर भोपाल के थाना क्षेत्र में एक और हाईप्रोफाइल हत्या का मामला सामने आया है। अमेरिका के कैलिफोर्निया में रहने वाले एनआरआई दीपकभाई पटेल की गोधावी-मणिपुर रोड पर गरोदिया गांव के पास सिर पर पत्थर मारकर हत्या कर दी गई। मृतक दीपकभाई पिछले कई महीनों से अमेरिका में थे, तब भी वे लगातार मानसिक दबाव में थे. इसलिए, इस संभावना के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है कि अहमदाबाद में उसके किसी परिचित ने निजी दुश्मनी में उसकी हत्या कर दी है. चूंकि मृतक दीपकभाई पटेल भारत आकर जमीन की बिक्री का काम कर रहे थे, इसलिए इस बात की प्रबल संभावना है कि किसी ने इसी मामले में उनकी हत्या कर दी है.

सरखेज गांव के मुखी स्ट्रीट पर रहने वाली 56 वर्षीय एनआरआई अल्पाबेन पटेल द्वारा दर्ज की गई शिकायत का विवरण यह है कि वह अपने पति दीपकभाई पटेल के साथ अमेरिका के कैलिफोर्निया में रहती हैं। अल्पाबेन और दीपकभाई दो महीने पहले नवरात्रि और दिवाली त्योहार के लिए अमेरिका से अहमदाबाद आए थे और सरखेज में मुखी स्ट्रीट पर एक बंगले में रह रहे थे।

गुरुवार रात 12 बजे दीपकभाई कार ठीक से पार्क करने का कहकर निकले। कुछ मिनटों के बाद, उन्होंने अल्पाबेन को फोन किया और कहा, 'मैं एक व्यक्ति से मिलूंगा और एक घंटे में लौटूंगा।' लेकिन, जब अल्पाबान को फोन किया गया तो वह देर रात तक नहीं लौटा और उसने फोन भी नहीं उठाया.

इसलिए उन्होंने अमेरिका में रहने वाले अपने बेटे जिगर और गांधीनगर में रहने वाली अपनी बेटी को सूचित किया, जब उन्होंने आईफोन ट्रैकिंग सिस्टम से जांच की, तो मोबाइल फोन की लोकेशन गोधावी-मणिपुर रोड पर गरोदिया गांव की थी। ऐसे में शुक्रवार सुबह जब अल्पाबेन और उनके बहनोई खोजबीन करने गए तो दीपकभाई का शव मिला। उसके सिर पर किसी कुंद वस्तु से वार कर हत्या की गई थी.

इसकी सूचना भोपाल पुलिस को दी गई, पुलिस निरीक्षक बी.टी. गोहिल और उनका स्टाफ मौके पर पहुंचा. एक अलग टीम बनाई गई और सीसीटीवी फुटेज और अन्य कॉल डिटेल रिकॉर्ड के आधार पर जांच शुरू की गई। इस बारे में अहमदाबाद जिला पुलिस प्रमुख ओम प्रकाश जाट ने कहा, 'मृतक दीपकभाई पटेल अहमदाबाद आकर जमीन खरीदने और बेचने का काम करते थे और इसलिए संभावना है कि जमीन के मुद्दे पर किसी ने उनकी हत्या कर दी.'

अहमदाबाद ग्रामीण पुलिस प्रमुख ओम प्रकाश जाट ने कहा, 'इस मामले में आरोपी तक पहुंचने में सफलता मिल गई है और पुलिस टीम उसे पकड़ने के लिए काम कर रही है. शनिवार सुबह आरोपी को लाने के बाद उसकी पहचान, हत्या के पीछे का मकसद और अन्य बातें स्पष्ट हो जाएंगी।'

## गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल आज मुंबई में 4 चुनावी सभा करेंगे

अहमदाबाद ( ईएमएस ) गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल कल यानी शनिवार को महाराष्ट्र के चुनावी दौरे पर जाएंगे। भूपेन्द्र पटेल एक ही दिन में महाराष्ट्र के मुंबई चार चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। जानकारी के मुताबिक मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल शनिवार की सुबह 10 बजे दहिसर विधानसभा क्षेत्र में गुजराती बिजनेस कम्युनिटी के साथ ''चाय पे चर्चा'' में सहभागी होकर मुंबई में अपने चुनाव प्रचार का आगाज करेंगे। जिसके बाद मुख्यमंत्री का बांद्रा कुर्ला भारत डायमंड बुर्स में जेम्स एंड ज्वैलरी काउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्यों के साथ बातचीत करने का भी कार्यक्रम है। इसके बाद मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल दोपहर में जोगेश्वरी पश्चिम स्थित गुजरात भवन में ग्रेटर मुंबई गुजराती समाज द्वारा आयोजित एक सार्वजनिक बैठक में भाग लेंगे। इस सार्वजनिक बैठक में मुंबई महानगर के 140 से ज्यादा गुजराती सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल होने वाले हैं। भूपेन्द्र पटेल शनिवार शाम को मुंबई में वर्सोवा विधानसभा सीट के उम्मीदवार के समर्थन में महाडा ग्राउंड, ओशिवारा मेट्रो स्टेशन जोगेश्वरी पश्चिम में आयोजित रैली को संबोधित करेंगे। इसके बाद वह अंधेरी विधानसभा क्षेत्र के उम्मीदवार के समर्थन में रैली को संबोधित करेंगे। अंधेरी की चुनाव खत्म होने के बाद के बाद मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल घाटकोपर पूर्व विधानसभा क्षेत्र के उम्मीदवार के समर्थन में पुलिस हॉकी ग्राउंड में जनसभा को संबोधित करने वाले हैं। आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए व्यस्त अभियान के तहत एक ही दिन में चार सार्वजनिक बैठकों को संबोधित करने के बाद मुख्यमंत्री शनिवार देर रात गांधीनगर लौटेंगे।

## मोडासा के निकट ब्रिज से कार गिरने की घटना में एक ही परिवार के4लोगों की मौत

अरवल्ली ( ईएमएस ) मोडासा के निकट अहमदाबाद-उदयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक बच्ची, एक महिला और दो पुरुष शामिल हैं। टिंटोई पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक शामलाजी मंदिर से दर्शन कर लौट रहा परिवार मोडासा में गळादर के पास नेशनल हाईवे पर एक पुल पर भीषण दुर्घटना का शिकार हो गया। परिवार की कार पुल से नीचे गिर गई। इस हादसे में गंभीर चोट लगने से कार में सवार परिवार के 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में एक महिला, दो पुरुष और एक बच्ची शामिल हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद टिंटोई पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शवों को आगे की कार्रवाई के लिए शामलाजी सिविल अस्पताल भेज दिया। हालांकि, हादसे के पीछे की सही वजह अभी तक पता नहीं चल पाई है। लेकिन, दिवाली के दिन एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत से परिवार पर गहरा शोक छा गया है।

## सोमनाथ के कार्तिकी पूर्णिमा मेले का 9 लाख लोगों ने आनंद उठाया

वेरावल,15 नवंबर

कार्तिकी पूर्णिमा का पांच दिवसीय लोक मेला आज सोमनाथ में संपन्न हुआ। पांच दिनों में 9 लाख से ज्यादा लोगों ने लोक मेले का लुत्फ उठाया. आज कार्तिकी पूर्णिमा की रात सोमनाथ मंदिर में विशेष महापूजा और महाआरती का आयोजन किया गया. रात एक बजे तक मंदिर दर्शनार्थियों के लिए खुला रहा। 5 दिवसीय पारंपरिक लोक मेला संपन्नः पूर्णिमा पर आधी रात को सोमनाथ मंदिर में विशेष महापूजा और महाआरती का आयोजन किया गया।

सोमनाथ में कार्तिक पूर्णिमा मेला संपन्न हुआ। मेले के पांच दिनों के दौरान 9 लाख से ज्यादा लोगों ने मेला देखा. मेले का मुख्य आकर्षण 200 से अधिक प्रकार के भोजन और पेय परोसने वाला एक खाद्य बाजार, सरकार के सूचकांक-सी विभाग के हस्तशिल्प और ललित कला की एक प्रदर्शनी और बाजार, जेल के कैदियों द्वारा बनाई गई स्वादिष्ट भजिया, युवाओं के लिए 500 से अधिक सवारी हैं।

## पाटन-मेहसाणा में 4.2 तीव्रता का भूकंप, उत्तरी गुजरात-सौराष्ट्र के कई इलाकों में 10 सेकंड तक महसूस किए गए झटके

पाटन,15 नवंबर

पाटन-मेहसाणा में 4.2 तीव्रता का भूकंप, उत्तरी गुजरात-सौराष्ट्र के कई इलाकों में झटके, 10 सेकंड तक झटके महसूस किए गए

आज 15 नवंबर 2024 रात करीब 10:15 बजे पाटन में 4.2 तीव्रता का भूकंप आया. इसका केंद्र पाटन से 13 किमी उत्तर में दर्ज किया गया. जिसकी जानकारी नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ( एनसीएस ) ने दी है. इस भूकंप के झटके पूरे उत्तरी गुजरात, सौराष्ट्र-कच्छ के कुछ हिस्सों और माउंट आबू तक महसूस किए गए। लोगों के मुताबिक भूकंप 10 सेकंड तक महसूस किया गया.

जिसमें मेहसाणा, बनासकांठा, साबरकांठा, अंबाजी, डिसा, खेरालू, पालनपुर, प्रांतिज, तलोद, ईडर, वडाली, बहुचराजी, सतलासाना, हारिज, सामी समेत कई इलाकों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। मोरबी और सुरेंद्रनगर में भी झटके महसूस किए गए. हलवद के कोइबा, धवाना, मालनियाद और आसपास के इलाकों में भी भूकंप आया. कच्छ के रापर तालुका के छोटे से रेगिस्तान में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए. जिसमें आडेसर, नंदा सहित गांवों में भूकंप का झटका महसूस किया गया है. भूकंप के झटके गांधीनगर और अहमदाबाद के इलाकों में भी महसूस किए गए.

जानकारी के मुताबिक भूकंप से कोई जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है. भूकंप का झटका महसूस होते ही लोग घर से बाहर निकल आये. कुछ इलाकों में भूकंप के झटके महसूस किये गये. भूकंप के झटके महसूस किये गये. आज रात आए भूकंप से करीब पांच सेकेंड तक धरती हिली। चाईबासा के चक्रधरपुर में भी भूकंप के डर से लोग घर छोड़कर चले गये.पाटन-मेहसाणा में 4.2 तीव्रता का भूकंप, उत्तरी गुजरात-सौराष्ट्र के कई इलाकों में झटके, 10 सेकंड तक झटके महसूस किए गए

## ख्याति अस्पताल कांड के बाद हरकत में प्रशासन, 4 होस्पिटलों पर लगाया 5 गुना जुर्माना

अहमदाबाद ( ईएमएस ) शहर के ख्याति हॉस्पिटल के कांड के बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आ गया है। मेहसाणा में पीएमजेएवाई कार्ड वाले मरीजों से रिपोर्ट सहित पैसे लेने वाले 4 अस्पतालों से 5 गुना जुर्माना वसूला जाएगा। साथ ही स्वास्थ्य विभाग ने अस्पतालों से मरीजों को उनके पैसे वापस करवा दिए हैं। इसके अलावा 15 अस्पतालों को नोटिस भी जारी किया गया है। बता दें कि अहमदाबाद के एसजी हाईवे स्थित ख्याति अस्पताल में एंजियोप्लास्टी के बाद दो मरीजों की मौत हो गई थी। जांच में पता चला कि जिनकी एंजियोप्लास्टी की गई थी, उन्हें इसकी जरूरत नहीं थी।

इसके बावजूद अस्पताल ने अपने आर्थिक फायदे के लिए मरीज या उनके परिजनों से बगैर अनुमति लिए मरीजों को स्टेंट लगा दिए। जिससे दो मरीजों की मौत हो गई थी। ख्याति अस्पताल कांड के बाद हरकत में आए स्वास्थ्य विभाग विभिन्न जिलों में सिस्टम कार्यवाही कर रहा है।

इसके अंतर्गत मेहसाणा के 4 अस्पतालों से 5 गुना जुर्माना वसूलेगा। जानकारी अनुसार मेहसाणा के कुछ अस्पताल पीएमजेएवाई कार्ड वाले मरीजों से रुपये वसूल रहे थे। इस बारे में जानने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने मेहसाणा में लायंस और शंकुज, कड़ी में भाग्योदय और विसनगर में नूतन अस्पताल के मरीजों को पैसे वापस करवा दिए हैं। अब स्वास्थ्य विभाग इन 4 अस्पतालों से 5 गुना जुर्माना वसूल करेगा। खबर है कि स्वास्थ्य विभाग सभी अस्पतालों से मरीज से ली गई रकम का 5 गुना जुर्माना वसूलेगा। इसके साथ ही 15 अन्य अस्पतालों को भी नोटिस जारी किया गया है।

## जेएसडब्ल्यू ने पेरिस 2024 ओलंपिक पदक विजेताओं को सम्मानित किया

प्रत्येक एथलीट को एमजी विंडसर ईवी प्रदान करता है

चंडीगढ़, 15 नवंबर, 2024 - खेल के कई विषयों के देश के सबसे बड़े कॉर्पोरेटप्रमोटरों में से एक जेएसडब्ल्यू ने आज चंडीगढ़ में पेरिस ओलंपिक 2024 में भारतीय दल के पदक विजेताओं को सम्मानित किया। प्रत्येक पदक विजेता एथलीट को जेएसडब्ल्यूसीमेंट और जेएसडब्ल्यूपेंट्स के प्रबंध निदेशक और जेएसडब्ल्यूस्पोर्ट्स के संस्थापक पार्थ जिंदल द्वारा बिल्कुल नई एमजीविंडसरईवी - देश का पहला इंटेलिजेंटक्रॉसओवरयूटिलिटीव्हीकल ( सीयूवी ) प्रदान किया गया।

यह सम्मान समारोह जेएसडब्ल्यू समूह के चेयरमैन श्री सज्जन जिंदल द्वारा पेरिस ओलंपिक खेलों में प्रत्येक पदक विजेता को एमजी विंडसर उपहार स्वरूप देने की पूर्व में की गई प्रतिबद्धता के अनुरूप है, जिसने भारत में ईवी परिदृश्य को नई परिभाषा दी है।

## पश्चिम रेलवे द्वारा 'कवच' के कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण प्रगति

पश्चिम रेलवे स्वदेशी रूप से विकसित स्वचालित ट्रेन सुरक्षा ( एटीपी ) तकनीक 'कवच' की स्थापना में लगातार प्रगति कर रही है, जो ट्रेन सुरक्षा और परिचालन दक्षता को काफी बढ़ाती है। अनुसंधान डिजाइन और मानक संगठन ( आरडीएसओ ) द्वारा विकसित, ढाल को ट्रेन टकराव को रोकने, जोखिम में सिग्नल पासिंग ( एसपीएडी ) से बचने में सार्वजनिक पायलटों की सहायता करने और निरंतर गति पर्यवेक्षण सुनिश्चित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह प्रणाली एंथ्रें के 50126, 50128, 50129 और 50159 ( एइ्थ-4 ) सहित अंतरराष्ट्रीय मानकों का अनुपालन करती है और इसकी सीमा 200 किमी है। प्रति घंटा तक गति समायोजित करने के लिए डिज़ाइन किया गया।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, शील्ड कई महत्वपूर्ण सुरक्षा सुविधाएँ प्रदान करती है। यह सुनिश्चित करता है कि ट्रेनें अनुमेय गति सीमा के भीतर चलें और गति की वास्तविक समय पर निगरानी प्रदान करता है, जिससे पायलटों को नियंत्रण बनाए रखने में मदद मिलती है। यह प्रणाली पायलट की कैब में जनता को सीधे सिग्नलिंग पहलुओं और निरंतर गति नियंत्रण को प्रदर्शित करके दुर्घटनाओं को रोकने में भी मदद करती है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह संभावित ट्रेन दुर्घटनाओं को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जिससे नेटवर्क पर समग्र सुरक्षा में सुधार होता है।

श्री विनीत ने बताया कि पश्चिम रेलवे पर वर्तमान में वडोदरा-अहमदाबाद सेक्शन सहित मुंबई सेंट्रल-नागदा सेक्शन पर 90 लोगों के साथ 789 किमी की दूरी तय करने का काम चल रहा है। अब तक, पश्चिम रेलवे ने महत्वपूर्ण प्रगति हासिल की है, कुल 789 किमी में से 503 किमी का सफलतापूर्वक परीक्षण किया जा चुका है और 90 में से 73 लोकोमोटिव पहले से ही शील्ड सिस्टम से लैस हैं। इस खंड को चालू वित्तीय वर्ष के अंत तक पूरा करने का लक्ष्य है।

श्री विनीत ने आगे कहा कि वडोदरा-अहमदाबाद खंड के 96 किमी तक फैले स्वचालित सिग्नलिंग खंड पर कवच प्रणाली के संस्करण 4.0 का उपयोग करके सार्वजनिक परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा हो गया है, और बकाया मुद्दों को हल करने के लिए आगे के परीक्षण चल रहे हैं। इसी तरह, विरार-सूरत-वडोदरा खंड ( स्वचालित सिग्नलिंग खंड ) के 336 किमी में से 234 किमी पर परीक्षण पूरा हो चुका है, और बाकी पर काम जारी है। वडोदरा-रतलाम-नागदा खंड ( गैर-स्वचालित सिग्नलिंग खंड ) के 303 किमी में से 173 किमी का लोको परीक्षण पूरा हो चुका है। अंत में, मुंबई सेंट्रल-विरार उपनगरीय खंड ( स्वचालित सिग्नलिंग खंड ) पर टावरों का निर्माण और ऑप्टिकल फाइबर केबल ( ओएफसी ) बिछाने का काम चल रहा है, जो 54 किमी तक फैला है। इसके अलावा, अहमदाबाद, राजकोट और रतलाम मंडलों में कुल 1569 किमी ट्रैक साइड कवर कार्य के लिए बोलियां आमंत्रित की गई हैं, जिनमें से 836 किमी के लिए बोलियां खोली गई हैं।

पश्चिम रेलवे कवच प्रणाली के सफल कार्यान्वयन के माध्यम से यात्री सुरक्षा सुनिश्चित करने और परिचालन दक्षता में सुधार करने के लिए प्रतिबद्ध है। पहले हासिल की गई महत्वपूर्ण प्रगति के साथ, पश्चिम रेलवे निर्धारित समय सीमा के भीतर अपने स्थापना और परीक्षण लक्ष्यों को पूरा करने की राह पर है, जो रेलवे सुरक्षा नवाचार में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## अक्टूबर 2024 में कट और पॉलिश डायमंड निर्यात में दोहरे अंक की वृद्धि के साथ पुनः प्रवर्तन होगाः जीजेईपीसी

15 नवंबर 2024, मुंबईः भारत के रत्न और आभूषण निर्यात ने अक्टूबर 2024 में प्रगति की है, जो कई उत्पाद श्रेणियों में सकारात्मक वृद्धि के साथ एक महत्वपूर्ण मोड़ है, विशेष रूप से कट औरपॉलिशडायमंड, गोल्ड ज्वेलरी ( प्लेन औ-स्डेड ) औरपॉलिश लैब ग्रोन डायमंड। अक्टूबर 2024 में, रत्न और आभूषणों का कुलसकलनिर्यात2,998.04 मिलियन अमेरिकीडॉलर( 25,194.41करोड़ रुपये )तक पहुंच गया, जो कि 2,746.09 मिलियन अमेरिकी डॉलर ( 22,857.16 करोड़ रुपये ) की तुलना में डॉलर के संदर्भ में 9.18% और रुपये के संदर्भ में 10.23% की वृद्धि दर्शाता है।

निर्यात में वृद्धि पर टिप्पणी करते हुए, जीजेईपीसी के अध्यक्ष, श्री विपुल शाह ने कहा, ठयह हमारे उद्योग के लिए एक स्वागत योग्य राहत है, क्योंकि हमने अक्टूबर में 9.18% की निर्यात वृद्धि का अनुभव किया है। विशेष रूप से, कट और पॉलिश के निर्यात में 11.32% की वृद्धि हुई है। अक्टूबर 2023 की तुलना में %। हम आशावादी हैं कि यह प्रवृत्ति जारी रहेगी, विशेष रूप से पश्चिम में छुट्टियों के मौसम के साथ, जिससे रत्न और आभूषणों की मांग में और वृद्धि होगी, इसके अलावा, जीजेईपीसी नए बाजारों में विस्तार करने के लिए ठोस प्रयास कर रही है मौजूदा मांग में मजबूती।''

## शेमारूमीने इस त्योहारी मौसम में पेश किया '13 हफ्ते, 13 कहानियां' का अभियान




अहमदाबाद : त्योहार के रंगीन मौसम को देखते हुए गुजराती कॉन्टेंट में अग्रणी शेमारूमी ओटीटी प्लेटफार्म ने एक नया अभियान शुरू किया है जो है '13 हफ्ते, 13 कहानियां' जिसके तहत दर्शकों को कई अद्भुत फिल्म, सीरीज का अनुभव लेने का मौका मिलेगा। इस पहल का उद्देश्य परिवार और दोस्तों को एक साथ लाना है ताकि वे गुजराती संस्कृति की अनूठी कहानियों से एक जुड़ाव और उत्सव का अनुभव कर सकें।

इस अक्टूबर से हर गुरुवार एक नई कहानी प्रस्तुत की जाएगी, जिसमें दर्शक गुजराती कहानियों की विविधता और रंगत में खो सकते हैं। '13 हफ्ते, 13 कहानियां' इसके तहत 13 चुनिंदा शीर्षक पेश किए जाएंगे, जो ड्रामा, थ्रिलर, कॉमेडी और दिल को छूने वाली कहानियों का मिश्रण पेश करेंगे।

इनमें राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म हिलारो, बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ने वाली झमकुड़ी और बहुप्रतीक्षित राजनीतिक फिल्म राडो शामिल हैं। शेमारूमी के एक्सक्लूसिव ड्रामा वेब सीरीज में खेल खेले खलैया, मानस मात्र लफड़ा ने पत्रा और संता कुकड़ी के दोनों सीजन शामिल हैं। इसके अलावा, जय श्री कृष्ण, विटामिन शे, मारू मन तारु थायू, पगड़ी, तारी साथे, और मौनम जैसी कहानियां भी देखने को मिलेंगी।

13 हफ्ते, 13 कहानियां' के साथ, शेमारूमी अपने गुजराती दर्शकों के लिए मनोरंजन के स्तर को बढ़ाने के लिए पूरी तरह से तैयार है, जिससे हर हफ्ता गुजराती कहानियों के साथ दर्शक अपने त्योहार का जश्न मनाएंगे। ऐसे में इस अद्भुत लाइनअप का आनंद लेने का मौका हाथ से न जाने दें!

## बिगब्लॉक कंस्ट्रक्शन लिमिटेड ने परिचालन से रु. 51.66 करोड का राजस्व दर्ज किया



सूरत, 15 नवंबर, 2024: भारत में एयरेटेड ऑटोक्लेव्ड कंक्रीट ( एएसी ) ब्लॉक, ब्रिक्स और पैनल के सबसे बड़े निर्माताओं में से एक, बिगब्लॉक कंस्ट्रक्शन लिमिटेड ने सितंबर 2024 को समाप्त वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही के लिए परिचालन से रु. 51.66 करोड की राजस्व की सूचना दी है जो कि वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में रु. 58.90 करोड थी। वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही के लिए एबिटा रु. 7.66 करोड ( एबिटा मार्जिन 14.89% ) दर्ज की गई, जो वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में रु. 14.86 करोड ( एबिटा मार्जिन 25.30% ) थी। वित्त वर्ष 2025 के दूसरी तिमाही के दौरान कन्सोलिडेटेड शुद्ध लाभ रु. 2.18 करोड बताया गया।

29 अगस्त, 2024 को आयोजित वार्षिक आम बैठक के दौरान, कंपनी ने 1:1 के अनुपात में बोनस इक्विटी शेयर जारी करने को मंजूरी दी। कंपनी ने मार्च 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए 20% के अंतिम डिविडन्ड यानि की रु. 0.40 प्रति इक्विटी शेयर को भी मंजूरी दे दी, साथ ही कंपनी की अधिकृत शेयर पूंजी को रु. 15 करोड से बढ़ाकर प्रत्येक रु. 2 के 15 करोड इक्विटी शेयर में विभाजित करके रु. 30 करोड करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई।

कंपनी के प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए, बिगब्लॉक कंस्ट्रक्शन लिमिटेड के श्री नारायण साबूनेकहा,''वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही का वित्तीय प्रदर्शन मुख्य रूप से पश्चिमी भारत में अत्यधिक मानसून की स्थिति से प्रभावित हुआ, जिससे मांग, प्रोडक्शन शिडयूल, सप्लाय चेईन और परिचालन दक्षता प्रभावित हुई। चल रहे तीन प्लांट्स की समेकित क्षमता उपयोग 60% थी, जो टेक्नॉलोजी अपग्रेडेशन के कारण उमरगांव, वापी प्लांट के बंद होने के कारण कम थी। हम वित्त वर्ष 2015 की तीसरी और चौथी तिमाही में मजबूत वृद्धि के लिए आशावादी हैं। उमरगांव प्लांट का अपग्रेडेशन 16 अक्टूबर 2024 को पूरा हो गया है और परिचालन शुरू हो गया है जिसे धीरे-धीरे बढ़ाया जाएगा।''

दूसरी तिमाही के लिए स्टारबिगब्लॉक बिल्डिंग मटेरियल लिमिटेड और बिगब्लॉक बिल्डिंग एलिमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड की क्षमता का उपयोग 76% था, जबकि मानसून के कारण कम मांग के कारण सिआम सीमेंट बिगब्लॉक कंस्ट्रक्शन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड का क्षमता उपयोग 16% था।कंपनी ने एक नया एएसी ( ऑटोक्लेव्ड एरेटेड कंक्रीट ) वॉल प्रोडक्ट पेश किया है, जिसके कारण उत्पादन के दौरान शुरुआती समस्याएं पैदा हुईं और लंबित प्रमाणपत्र भी कम उपयोग का एक कारण था।

## एशियन ग्रेनिटो इंडिया लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में रु. 384 करोड की कन्सोलिडेटेड शुद्ध बिक्री दर्ज की




अहमदाबाद,15 नवंबर,2024: देश के सबसे बड़े लक्ज़री सर्फेस और बाथवेयरसॉल्यूशंस ब्रांड्स में से एकएशियनग्रेनिटोइंडियालिमिटेड ( एजीएल )ने30 सितंबर 2024 को समाप्त वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही और पहली छमाही के दौरान परिचालन और वित्तीय प्रदर्शन में सुधार की सूचना दी है।

वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही के कन्सोलिडेटेड परिणामों पर एक नजर:

कंपनी ने 30 सितंबर 2024 को समाप्त वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही के लिए रु. 4.7 करोड कन्सोलिडेटेड शुद्ध लाभ दर्ज किया है,जबकि वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाहीके लिए रु. 2.8 करोड का शुद्ध घाटा हुआ था। वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाहीमें कंपनी की कन्सोलिडेटेड शुद्ध बिक्री रु. 384 करोड बताई गई, जबकि वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाहीमें रु. 401 करोड की शुद्ध बिक्री हुई थी। वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाहीके लिए एबिटा रु. 15.6 करोड ( एबिटा मार्जिन 4.1% ) रही,जो वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाहीमें एबिटा रु. 21.1 करोड ( एबिटा मार्जिन 5.3% ) के मुकाबले 1.2% की गिरावट है। वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाहीमें निर्यात रु. 77 करोड दर्ज की गई, जो कि वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाहीमें रु. 61 करोड के निर्यात की तुलना में साल-दर-साल 26% की वृद्धि है।

परिणामों और प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए कंपनी के अध्यक्ष और मैनेजिंग डायरेक्टरश्री कमलेश पटेल ने कहा, ठकच्चे माल की लागत में उतार-चढ़ाव, निर्यात नीतियों और व्यवसाय और मार्जिन को प्रभावित करने वाली तीव्र प्रतिस्पर्धा जैसी चुनौतियों के बावजूद, कंपनी ने वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही और पहली छमाही के लिए संतोषजनक आंकडे दर्ज किए है।ठ हम रु. 6,000 करोड का कुल राजस्व हासिल करने की अपनी प्रतिबद्धता पर कायम हैं।

नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल के 25 अक्टूबर 2024 के आदेश के अनुसार कंपनी ने एशियन ग्रेनिटो इंडिया लिमिटेड और एफिल विट्रिफाइड प्राइवेट लिमिटेड,इवांता सेरामिक्स इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड, क्रिस्टल सेरामिक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड, एफिल सेरामिक्स लिमिटेड, इवांता सेरामिक्स लिमिटेड, क्रिस्टल विट्रिफाइड लिमिटेड, अमेजून सेरामिक्स लिमिटेड और एजीएल इंडस्ट्रीज लिमिटेड और उनके संबंधित शेयरधारक और लेनदार के बीच प्रस्तावित कम्पोझिट स्कीम ऑफ अरेंजमेन्ट की समग्र योजना पर विचार करने और यदि उपयुक्त हो तो मंजूरी देने के उद्देश्य से 17 दिसंबर 2024 को इक्विटी शेयरधारकों की बैठक की सूचना दी है। कंपनी को पहले प्रस्तावित डिमर्जर के लिए स्टॉक एक्सचेंजों जैसे कि बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज से नो ऑब्जेक्शन पत्र प्राप्त हुआ था।


**पश्चिम रेलवे - भावनगर मण्डल**

**पे एन्ड युज टोयलेट ब्लोक्स के संचालन और रखरखाव के लिये ई-निलामी**

पश्चिम रेलवे, भावनगर परा के मण्डल रेल प्रबंधक (कॉमर्शियल) IREPS पोर्टल के माध्यम से भावनगर मण्डल के विभिन्न स्टेशनो के पे एन्ड युज़ टोयलेट ब्लोक्स के संचालन और रखरखाव के लिए ई-निलामी आमंत्रित करते है । निलामी को IREPS वेबसाईट पर प्रकाशित कर दिया गया है । सभी विवरण निम्नानुसार हैं ।

**ई-निलामी आमंत्रित करती सूचना**

अनुबंध का प्रकार : पे एन्ड युज टोयलेट ब्लोक्स के संचालन और रखरखाव लिये अनुबंध

स्थान एवं संपति का विवरण — कैटलोग सं. PNU-2024-02

पे एन्ड युज टोयलेट ब्लोक्स के संचालन और रखरखाव के अनुबंध के लिये निलामी

| क्रम सं. | स्टेशन | स्टेशन की कैटेगरी | विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | भावनगर टर्मिनस (BVC) | NSG-4 | भावनगर टर्मिनस स्टेशन के प्लेटफॉर्म सं. 1 के शौचालयों/मूत्रालयों / बाथरूमों का 03 वर्षों की समयावधि के लिये संचालन और रखरखाव । |
| 2 | जुनागढ़ (JND) | NSG-4 | जुनागढ़ स्टेशन के प्लेटफॉर्म सं. 1 के शौचालयों/मूत्रालयों / बाथरूमों का 03 वर्षों की समयावधि के लिये संचालन और रखरखाव । |
| 3 | वेरावल (VRL) | NSG-4 | वेरावल स्टेशन के प्लेटफॉर्म सं. 1 के शौचालयों/मूत्रालयों / बाथरूमों का 03 वर्षों की समयावधि के लिये संचालन और रखरखाव । |
| 4 | बोटाद (BTD) | NSG-4 | बोटाद स्टेशन के प्लेटफॉर्म सं. 1 के शौचालयों/मूत्रालयों का 03 वर्षों की समयावधि के लिये संचालन और रखरखाव । |
| 5 | गोंडल (GDL) | NSG-5 | गोंडल स्टेशन के प्लेटफॉर्म सं. 1 के शौचालयों/मूत्रालयों / बाथरूमों का 03 वर्षों की समयावधि के लिये संचालन और रखरखाव । |
| 6 | गांधीग्राम (GG) | NSG-5 | गांधीग्राम स्टेशन के प्लेटफॉर्म सं. 1 के शौचालयों/मूत्रालयों का 03 वर्षों की समयावधि के लिये संचालन और रखरखाव । |
| 7 | सरखेज (SEJ) | NSG-6 | सरखेज स्टेशन के प्लेटफॉर्म सं. 1 के शौचालयों/मूत्रालयों का 03 वर्षों की समयावधि के लिये संचालन और रखरखाव । |

(1) ई-निलामी शुरु होने की तारीख : 02/12/2024 को 11:00 बजे से (2) निलामी में भाग लेने हेतु IREPS ई-निलामी लिज़ींग पोर्टल पर पंजीकृत होना आवश्यक है (3) अधिक विवरण हेतु www.ireps.gov.in पर लॉग ईन करें ।

BVP-137

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें: twitter.com/WesternRly


मालिक-मुद्रक- प्रकाशक व संपादक: लक्ष्मीचंद जी. अग्रवाल द्वारा, ब्रिजाशा ऑफसेट, जी.एम. कम्पाउन्ड, सरसपुर, अहमदाबाद -380018 में मुद्रित करवा कर वहीं से प्रकाशित किया। प्रातः कालीन E-mail : janhitaishi@yahoo.co.in फोन: 079-22921482 Mob.9375504122 , 9327086467 R.N.I. 63177/ 95